सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून, 09 जनवरी 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रोडक्शन हाउस के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह ने कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के लिए प्रस्तावित एनिमेटेड फिल्म सीरीज (केसरी किड्स)''देवभूमि एक्सप्रेस' के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि केसरी किड्स के नाम से इस एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से बच्चों को नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाएं दी जाएंगी। इसके साथ–साथ लोगों को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाओं से भी परिचय कराया जाएगा। यह एनिमेटेड फिल्म 450 एपिसोड की बनाई जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रत्येक एपिसोड 22 मिनट का होगा। इसमें मनोरंजक के साथ–साथ ज्ञानवर्धक जानकारियां और उत्तराखंड के धार्मिक, आध्यात्मिक, पर्यटन, प्राकृतिक स्थलों की जानकारी भी होगी।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय मॉर्डन मीडिया, मास मीडिया और एआई मीडिया का है और इन्हीं माध्यमों से हम अपनी आने वाली पीढ़ी को नैतिकता और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेटेड फिल्म के रूप में इसे लोगों के सामने लाना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा और बच्चे, ज्यादातर समय मोबाइल या लैपटॉप की स्क्रीन में व्यतीत कर रहे हैं। एनिमेटेड फिल्मों से उन्हें शिक्षाएं प्रदान किया जाना बेहद प्रासंगिक है और यह एक सशक्त माध्यम भी बन सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यदि आप अपनी सोच, विचार और धारणा से किसी व्यक्ति को रूबरू कराना चाहते हैं या अपनी बात उसकी आत्मा तक पंहुचाना चाहते हैं तो मॉर्डन मीडिया का इस्तेमाल किया जाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि अमृत काल की पीढ़ी को एनिमेशन और नई तकनीकों के माध्यम से अपनी संस्कृति, सभ्यता और मान्यताओं के बारे में बताया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नैतिक एवं चारित्रिक विकास के बल पर हमारे 2047 विकसित भारत और विश्व गुरु के संकल्प को पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों पर आधारित देवभूमि एक्सप्रेस एक ऐसी सोच है जो पूरे विश्व को एक संदेश देगी। उन्होंने कहा कि इस सीरिज़ के माध्यम से हमारे इन स्थलों का प्रचार–प्रसार होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अनेक ऐसे स्थल हैं जो अपने आप में दिव्यता और भव्यता से भरपूर हैं। यह फिल्म उन सभी स्थलों को भी देश और दुनिया के सम्मुख लाएगी। राज्यपाल ने कहा वर्तमान समय के परिपेक्ष्य में इसकी बहुत जरूरत है। उन्होंने इस सोच के लिए प्रोडक्शन हाउस के सभी सदस्यों के प्रयासों को सराहा और सभी से सहयोग की अपील की।

कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज ने निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मस्तिष्क में नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाओं के साथ–साथ उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन को लाना एवं दिखाना जरूरी है। एनिमेशन के जरिए हम बहुत सी बातें कर सकते हैं एवं बच्चों के मस्तिष्क को किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज से 500 वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है, हमें नई पीढ़ी को यह भी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐनिमेशन के जरिए बच्चों को ऐसा दिखाया जा सकता है जिससे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में हेमकुंड गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अजेंद्र अजय, उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता के अध्यक्ष डॉ. हरबंस सिंह चुग, लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी की उप निदेशक दिशा पन्नू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

............0............